Government of India
Ministry of Earth Sciences
India Meteorological Department
Meteorological Centre Jaipur

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर

# प्रेस विज्ञप्ति

**समय: 1300 IST** **दिनांक: 25 जुलाई, 2025**

**विषय : उत्तरी बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब (Depression), राज्य में भारी बारिश अलर्ट।**

**1. वर्तमान परिस्थिती/Current Meteorological features:**

- **उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और इससे लगे पश्चिम बंगाल तटीय क्षेत्र एवं बांग्लादेश पर बना अवदाब पिछले तीन घंटों के दौरान पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में लगभग 13 किमी प्रति घंटे की गति से अग्रसर हुआ। यह प्रणाली 25 जुलाई को प्रातः 07:30 से 08:30 बजे IST के बीच पश्चिम बंगाल एवं समीपवर्ती बांग्लादेश तटों को पार कर गया और उसी दिन प्रातः 08:30 बजे IST पर पश्चिम बंगाल तटीय क्षेत्र और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी एवं बांग्लादेश से लगे भागों पर 21.7° उत्तरी अक्षांश और 88.8° पूर्वी देशांतर के निकट केंद्रित था। यह स्थान खेपुपाड़ा (बांग्लादेश) से लगभग 150 किमी पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम, कैनिंग (पश्चिम बंगाल) से लगभग 60 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व, सागर द्वीप से लगभग 80 किमी पूर्व तथा कोलकाता से लगभग 100 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व की दूरी पर स्थित था।**

- **यह अवदाब अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में गंगा पश्चिम बंगाल तथा इसके सटे उत्तर ओडिशा और झारखंड के ऊपर से आगे बढ़ने की संभावना है।**

- **The Depression over Northwest Bay of Bengal and adjoining areas of coastal West Bengal and Bangladesh moved west-northwestwards with a speed of 13 kmph during past 3 hours, crossed West Bengal & adjoining Bangladesh coasts between 0730 and 0830 hrs IST and lay centred at 0830 hrs IST of today, the 25$^{th}$ July over coastal West Bengal and adjoining areas of Northwest Bay of Bengal & Bangladesh, near Lat. 21.7°N and Long. 88.8°E, about 150 km west-southwest of Khepupara (Bangladesh), about 60 km south-southeast of Canning (West Bengal), 80 km east of Sagar Island (West Bengal) and 100 km south-southeast of Kolkata(West Bengal).**

- **It is very likely to move west–northwestwards across Gangetic West Bengal and adjoining North Odisha and Jharkhand during next 24 hours.**

- **The monsoon trough at mean sea level now passes through Jammu, Chandigarh, Bareilly, Gorakhpur, Patna, Bankura, Kolkata, center of Depression over northwest Bay of Bengal and adjoining areas of coastal West Bengal and Bangladesh.**

Government of India
Ministry of Earth Sciences
India Meteorological Department
Meteorological Centre Jaipur

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर


---

**2. भारी बारिश चेतावनी/Heavy rainfall Warning:**

- **दक्षिण पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में आज से ही भारी बारिश की गतिविधियां शुरू होने की संभावना है।**

- **26 जुलाई से पूर्वी व दक्षिण पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में भारी बारिश की गतिविधियों में और बढ़ोतरी होने तथा कहीं-कहीं भारी व अतिभारी बारिश होने की संभावना है। दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में 27 जुलाई को कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश भी होने की संभावना है।**

- **पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में भारी व अतिभारी बारिश का दौर 28 से 31 जुलाई के दौरान जारी रहने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में भी मध्यम से कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।**






**वेबसाइट:**https://mausam.imd.gov.in/jaipur/
**Contact Number: 0141-2790194 / 2793254, email: mcjaipur@rediffmail.com**

### 3. संभावित प्रभाव / Impact expected :

- भारी बारिश से निचले इलाकों व अंडरपासों में कंही-कंही जल भराव हो सकता है ।
- सड़कों पर जलभराव के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है ।
- भारी वर्षा के कारण दृश्यता में कभी-कभी कमी होने से यातायात दुर्घटना होने की सम्भावना बढ़ जाती है।
- बरसाती नदी नालों में पानी की आवक बढ़ने की संभावना है ।

### 4. सुझाव / Action suggested:

- वर्षा के समय जल भराव क्षेत्र में लगे बिजली के खंबों से दूरी बना कर रखें तथा वाहन सावधानी से चलाएं।
- कृषि मंडियों में रखे जींस व अनाज को ढककर ऊंचाई वाले स्थान पर रखें ताकि उन्हें भीगने से बचाया जा सके ।
- मौसम की स्थिति पर निगरानी रखें तथा जरूरत पड़ने पर सुरक्षित स्थान पर शरण लेवे ।
- मेघगर्जन के समय पेड़ों के नीचे शरण न लेवें ।
- पुल या रपट पर यदि पानी का बहाव ज्यादा हो तो वाहन चालक विशेष सावधानी रखें ।





**Government of India**
**Ministry of Earth Sciences**
**India Meteorological Department**
**Meteorological Centre Jaipur**


**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**भारत मौसम विज्ञान विभाग**
**मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर**


---


## 5. District wise Heavy Rainfall map




**राधेश्याम शर्मा**
**प्रमुख, मौसम केंद्र जयपुर**

**LEGEND: Heavy Rainfall: 64.5 to 115.5mm, Very Heavy Rainfall: 115.6 to 204.4mm Most Places: more than 76% of total stations, Isolated Places: Less than 25% of total**

**वेबसाइट:**https://mausam.imd.gov.in/jaipur/

**Contact Number: 0141-2790194 / 2793254, email: mcjaipur@rediffmail.com**